संस्थान में हिंदी सप्ताह 2016

संस्थान संविधान के नियम व विनियमों के अनुपालन में संघ की राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए कटिबद्ध है। प्रमाण के रूप में 14 सितम्बर 2016 को हिंदी दिवस के अवसर माननीय राष्ट्रपति महोदय श्री प्रणब मुखर्जी द्वारा संस्थान को 'क' क्षेत्र में राजभाषा के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए **'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार'** द्वितीय प्रदान किया गया। संस्थान में 07-14 सितम्बर 2016 के दौरान हिंदी सप्ताह का आयोजन किया गया। संस्थान के कुलसचिव डॉ. प्रमोद कुमार गुप्ता ने हिंदी सप्ताह उद्घाटन का किया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। संस्थान के अधिकांश अधिकारियों व कर्मचारियों ने इन प्रतियागिताओं में अपनी सहभागिता दर्ज की। इसी श्रृंखला में दिनांक 14 सितम्बर 2016 को हिंदी सप्ताह के समापन के अवसर पर सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ताकि मनोरंजन के माध्यम से हिंदी का संदेश प्रत्येक कर्मचारी तक पहुंचाया जा सके। इस अवसर पर हिंदी सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न इनामी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को संस्थान के निदेशक डॉ. सुरजित मित्रा ने पुरस्कृत किया।

हिंदी सप्ताह की झलकियां

IIFT
भारतीय विदेश व्यापार
हिंदी